# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## शुक्रवार, 26 फरवरी, 2016/7 फाल्गुन, 1937(शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 18**

----

### सड़क किनारे खुदाई से असुविधा

***2595 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि हाल ही में प्रदेश में दूरसंचार विभाग द्वारा राष्ट्रीय उच्च मार्गों, राज्य उच्च मार्गों और ग्रामीण सड़कों के किनारे खुदाई के कारण यातायात हेतु भारी असुविधा हुई है तथा घण्टों ट्रैफिक जाम तथा अनेकों दुर्घटनाएं हो रही हैं; यदि हां, तो इसके स्थायी समाधान हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

### चमेरा चरण-I

***2596 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) चमेरा चरण-I के निर्माण से कितने परिवारों को उजाड़ा गया तथा उनमें से कितने परिवारों को पुनः बसाया गया; ब्यौरा परिवारों का पंचायतवार दें; और

(ख) यह सत्य है कि Corporate Social Responsibility और LADA की धनराशि इन क्षेत्रों पर खर्च नहीं की गई; यदि हाँ, तो ब्यौरा कारणों सहित दें?

----

## टैक्सी सेवा

***2597 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला)ः**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि वर्तमान में शिमला में बन्धित व प्रतिबन्धित सड़कों पर HRTC की टैक्सियाँ चल रही हैं; यदि हां, तो यह किस-किस स्थान से चल रही है; और

(ख) सरकार क्या जनहित में शहर के अन्य स्थानों से भी टैक्सी सर्विस शुरू करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## मनरेगा के अन्तर्गत धनराशि का व्यय

***2598 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्ष 2015-16 में प्रदेश में मनरेगा के अन्तर्गत कुल कितनी धनराशि खर्च करने का लक्ष्य रखा गया था;

(ख) दिनांक 31.1.2016 तक कुल कितने कार्य दिवस अर्जित किए गए; और

(ग) कितने लोगों को सौ दिन का रोजगार उपलब्ध करवाया गया तथा कितनी धनराशि खर्च की गई; ब्यौरा दें ?

----

## चौंता-धनीपुखर सड़क

***2599 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार को क्या चौंता-धनीपुखर सड़क के निर्माण कार्य में अनियमितताओं की शिकायत प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो इन अनियमितताओं की जांच की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ग) इस सड़क का निर्माण कार्य किस ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है; ब्यौरा नाम, पते व कार्य की अद्यतन स्थिति सहित दें?

----

## Rongtong Project

***2600 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that out of 4 Turbines of Rongtong Project none is in working condition;

(b) since how many years the repair work of this Project is going on and how much money has been spent till date; and

(c) by when all the Turbines will be made operational and the electricity supply will start?

----

## बस अड्डा/टर्मिनल बनाना

***2601 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) मनाली के पतलीकूहल में बस अड्डा या बस टर्मिनल बनाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## गऊशालाओं का निर्माण

***2602 श्री वीरेन्द्र कंवर(कुटलैहड़) :**
**श्री महेन्द्र सिंह(धर्मपुर) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) माननीय उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश ने प्रदेश सरकार को प्रत्येक पंचायत क्षेत्र में गऊशाला खोलने के आदेश दिए हैं; यदि हां, तो अभी तक कितनी गऊशालाओं को क्रियाशील किया जा चुका है;

(ख) सरकार द्वारा प्रदेश में पशुओं व भेड-बकरियों की गिनती करवाई गई है तथा प्रत्येक गऊशाला के निर्माण के लिए कितनी-कितनी धनराशि उपलब्ध करवाई गई; ब्यौरा जिलावार दें;

(ग) वर्तमान में प्रत्येक गऊशाला में कुल कितनी गऊएं और अन्य पशु हैं;

(घ) सरकार द्वारा उनके चारे की व्यवस्था के लिए कितनी-कितनी धनराशि प्रत्येक गऊशाला के लिए निर्धारित की गई है तथा कितनी मुहैया करवाई गई; और

(ड.) सरकार क्या इस बारे में कोई नीति बनाने का विचार रखती है?

----

## सब-स्टेशन जाहू

***2603 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) 132 के0वी0 सब-स्टेशन जाहू के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) इसकी क्या Commissioning कर दी गई है; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इसकी Commissioning कब तक कर दी जायेगी?

----

## सड़क की अद्यतन स्थिति

***2604 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार पनारसा से वाया हुरला, थरास, जिया, रामशीला-कुल्लू शहर तक प्रस्तावित फोरलेन बाइपास को क्या रामशीला मनाली की भान्ति डबललेन रखने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक और सड़क की वर्तमान स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## शिक्षा प्रेरक

***2605 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में शिक्षा विभाग में कितने शिक्षा प्रेरक कार्यरत हैं और इनसे क्या कार्य लिया जा रहा है; ब्यौरा दें; और

(ख) चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र में कितने शिक्षक प्रेरक कार्यरत हैं; ब्यौरा पाठशालावार दें ?

----

## अध्यापकों की रिक्तियां

***2606 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में सिराज़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च तथा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में अध्यापकों के कितने पद सृजित हैं तथा इनमें से कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

----

## कार्यालय की स्थापना

***2607 श्री रिखी राम कौंडल(झण्डुता) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) झण्डुता विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत नए SDM कार्यालय तथा सब-तहसीलें खोलने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो कहां-कहां; ब्यौरा दें ?

----

## Mudh Bhawa Road

***2608 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Mudh Bhawa Road from Pin Valley is pending for FCA clearance; and

(b) If yes, by when the clearance for this road will be granted?

----

## सैन्ज-लूहरी-औट सड़क

***2609 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सैन्ज-लूहरी-औट सड़क को राष्ट्रीय उच्च मार्ग घोषित किया गया है; यदि हां, तो कब;

(ख) इस सड़क के निर्माण हेतु DPRs तैयार कर ली गई हैं; यदि हां, तो कब; और

(ग) विभाग द्वारा इस सड़क हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें?

----

## आवारा सांडों द्वारा नुकसान

***2610 श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि गत एक वर्ष में जिला ऊना के कई क्षेत्रों में आवारा सांडों द्वारा मनुष्यों को घायल/मारा गया है;

(ख) यदि हां, तो कितने व्यक्तियों की मृत्यु हुई हैं और कितने व्यक्ति घायल हुए;

(ग) ऐसे कितने व्यक्तियों को सरकार द्वारा सहायता प्रदान की गई;

(घ) सरकार द्वारा दोषी व्यक्तियों जिन्होने ऐसे सांडों को छोड़ रखा है के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; और

(ड.) भविष्य में ऐसे नुकसान को रोकने व सांडों को पकड़ने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं; ब्यौरा दें?

----

## केन्द्रीय विद्यालय संधोल

***2611 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला मण्डी में केन्द्रीय विद्यालय संधोल की अधिसूचना कब की गई थी; प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) इस विद्यालय हेतु कितनी भूमि की आवश्यकता है तथा कितने विद्यार्थियों के लिये स्वीकृति प्राप्त हुई है;

(ग) भूमि चयन समिति ने क्या भूमि चयन कर ली है; यदि हां, तो क्या भूमि सरकारी/ प्राईवेट है;

(घ) भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया क्या पूर्ण हो चुकी है; और

(ड.) भवन निर्माण में क्या पाठशाला एवं बोर्डिंग दोनों का प्रावधान है तथा कक्षाएं कब तक प्रारम्भ की जाएंगी ?

----

## पुल निर्माण

***2612 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार सीर खड्ड पर जाहू में बरसात में बह गये पुल का पुनर्निर्माण करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो कब तक; और

(ग) यदि नहीं, तो कारण ?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांक: 10 फरवरी, 2016.** **सचिव।**